# सडक सुरक्षा समिति की बैठक दिनांक 27.05.2023 के मिनिट्स

माननीय जिला दण्डाधिकारी की अध्यक्षता मे दिनांक 27.05.2023 को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष, नीमच में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें नीमच जिले के निम्न अधिकारीगण उपस्थित हुए-

1. कलेक्टर जिला नीमच
2. पुलिस अधीक्षक नीमच
3. अपर कलेक्टर नीमच
4. अनुविभागीय अधिकारी नीमच
5. जिला परिवहन अधिकारी नीमच
6. यातायात थाना प्रभारी नीमच
7. लोक निर्माण अधिकारी नीमच
8. समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी नीमच
9. प्रभारी प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना नीमच
10. प्रभारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नीमच
11. प्रभारी एम.पी.आर.डी.सी नीमच
12. जिला शिक्षा अधिकारी
13. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी नीमच
14. जिला जनसंपर्क अधिकारी नीमच
15. मण्डी सचिव नीमच

उक्त मीटिंग में अपर कलेक्टर के द्वारा जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में शासन द्वारा दिए गए निर्देशों एवं माननीय सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी में दिए गए बिन्दुओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को पालन हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। पुर्व में दिनांक 19.05.2023 को आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की मीटिंग के बिन्दुओं पर चर्चा की गई जिन बिन्दुओं पर कार्य नहीं हुआ हैं उन्हें शीघ्र पुर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

**मिनिट्स :-**

1. भरभड़िया चौराह पर प्रस्तावित हाई मास्क लाईट 30 जून तक लगाना प्रस्तावित है, उसकी कार्यवाही से समिति को अवगत कराये।
2. दड़ौली रोड़ा मांडा फंटे के पास, दुधतलाई फंटे के पास, बरेकन गौशाला, मालखेडा के पास रंबल स्ट्रिप्स 05 जून 2023 तक पूर्ण कर बनाया जाए।
3. फोरलेन के हर्कियाखाल फंटे पर हाई मास्क लाईट की व्यवस्था की जाए।
4. मनासा रोड़ पर जहॉं घुमावदार रोड़ है वहॉं पर डब्ल्यु बीम क्रेश बेरियर लगाया जाए एवं मोड़ पर आने वाली झाड़ियों की कटाई /छटाई की जाये जिससे दृश्यता बढ़ सके।

(कार्यवाही एम.पी.आर.डी.सी.)

Scanned with CamScanner

1. नीमच जिले अतंर्गत आने वाले समस्तस पुल/पुलिया जो अतिरिक्त वर्षा से प्रभावित हो सकते हैं उन पर मरम्मत एवं संकेतक बोर्ड लगवाया जाना।

**(कार्यवाही समस्त रोड ऐजेंसी)**

1. जिला शिक्षा. अधिकारी सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों को चिन्हित करे कि कितने विद्यालय रोड से लगे हुऐ हैं एवं कितने विद्यालयों के बाहर साइन बोर्ड एवं स्पीड बेक्रर हैं।
2. जिला शिक्षा अधिकारी समस्त अशासकीय विधालयों के प्राचार्यो को निर्देशित करें की उनके द्वारा विद्यार्थियों को परिवहन करने वाले वाहनों की सूची बनाए और जिला शिक्षा अधिकारी सभी से सूची एकत्रित कर समिति को आगामी बैठक तक प्रस्तुत करें एवं प्राचार्यो/प्रधानाचार्य को निर्देशित करें कि प्राइवेट वाहनों पर बेनर लगाया जाये जिसमें यह स्पष्ट हो कि उसमे स्कूली बच्चों का परिवहन किया जा रहा है।

(कार्यवाही जिला शिक्षा अधिकारी)

1. पी.डब्लू.डी. विभाग द्वारा अपने स्पीडब्रकरों के आगे थर्मल प्लास्टिक पेंट की बार मार्किंग का कार्य कितना हो चूका हैं और कितना शेष हैं उसकी जानकारी आगामी बैठक में लाया जाना सुनिश्चित करें ।
2. हिंगोरिया फाटक से हवाई पट्टी होते हुए चीताखेडा, भाटखेडा– नीमच– डुंगलावदा होते हुए जावद फंटा के सड़कों के शोल्डर्स की मरम्मत का कार्य कितना हो चूका हैं और कितना शेष हैं उसकी जानकारी आगामी बैठक में लाया जाना सुनिश्चित करें। जामुनियाकला गांव के आगे संकीर्ण पुलिया पर संकेतक दिनांक 14-06-2023 तक लगाया जाये।
3. सिंगोली–तिलस्मां मार्ग पर आने वाले ग्राम फुसरिया के आबादी क्षेत्र व स्कूल के पास स्पीगड ब्रेकर आगामी बैठक तक बनवाए जाए एवं रोड के शोल्डफर्स भी भरे जाए।
4. ग्वालटोली रोड़ पर स्कूल के समीप स्कूल संकेतक बोर्ड लगाया जावे।

(कार्यवाही पी.डब्लू.डी.)

1. सड़कों से आवारा पशु को नियमानुसार हटवाना/गौशाला/कांजी हाउस में शिफ्ट करवाना/शासन के निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही की मासिक रिपोर्ट पृथक से कार्यालय कलेक्टर नीमच को प्रेषित की जाये जिसमें यह स्पष्ट किया जाये कि कितने पशु को गौ–शाला भेजा गया है एवं कितने पशु चालकों पर दण्ड लगाया गया एवं चारा देने वाले व्यक्तियों को व्यवस्थित जगह पर स्थांनातरण किया जाए जिससे रोड पर गाय एकत्रित ना हों।
2. लायंस पार्क को ट्राफिक पार्क में विकसित करने हेतु प्रस्ताव की तकनिकी स्वीकृति प्राप्त कर टेण्डर की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
3. ट्रांसपोर्ट एवं मेकेनिक नगर व ट्रक्स के अस्थाई होल्ट करने के लिए भूमि का आवंटन किया जाए।
4. शहर के चौराहा पर एल.ई.डी. डिस्पले लगाया जाए जिस पर सड़क सुरक्षा संबंधी विडियो क्लिप दिखाई जाए।

(कार्यवाही नगर पालिका)

1. मनासा से कंजार्डा मार्ग पर आने वाली दो पुलिया (13/10 रावतपुरा नाला फोरेस्ट विभाग, 25/00 लोकल नाला राजस्व विभाग) को दुरूस्तीकरण का कार्य कब प्रारंभ कर पूर्ण कर लिया जावेगा समय सीमा निर्धारित कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

(कार्यवाही सेतुनिगम)

Scanned with CamScanner

1. सड़क पर WRONG SIDE चलने वालों चालकों पर चालानी कार्यवाही में वृद्धि की जाए विशेष कर चार पहिया वाहन चालकों की एवं WRONG SIDE चलने वाले चालकों का फोटो खींचकर सामाचार पत्रों में प्रकाशित करें जिससे लोगों में WRONG SIDE में वाहन चलाने हेतु प्रचलन पर रोक लग सके।
2. भाटखेडा जंक्शन पर अवैध पार्किंग को कम करने के लिए चालानी कार्यवाही बढाई जाए।
3. शहर में पार्किंक व्यवस्था दुरूस्त करने हेतु उचित कार्यवाही की जाये।

(कार्यवाही थाना प्रभारी यातायात)

1. शोरूम चौराहे पर नो लेन कनेक्ट होने के कारण ट्राफिक सिग्नल लगाया जाये एवं विद्युत ट्रांसफार्मर को 07 दिवस में हटाया जाए।

<u>(कार्यवाही मुख्य नगर पालिका अधिकारी/थाना प्रभारी यातायात/म.प्र.अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल)</u>

1. पुलिस विभाग द्वारा सड़क दुर्घटना मामलों की वार्षिक रिपोर्ट (1 अप्रेल 2022 से आज दिनांक तक) विगत वर्ष की वर्तमान वर्ष से तुलना करते हुए बनाया जाये एवं शासकीय चिकित्सालय में आये दुर्घटना के प्रकरणों की रिपोर्ट मिलान करें एवं दुर्घटनाओं के कारण का विशेषण कर प्रतिवेदन सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्धारित प्रोर्फामा में प्रस्तुत किया जाए ।

(कार्यवाही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी/समस्त थाना प्रभारी/यातायात प्रभारी)

1. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी नीमच द्वारा दुर्घटना स्थल के नजदीकी अस्पताल की सूची समाचार पत्र के माध्यम से प्रकाशित की जाए एवं सहायक कलेक्टर नीमच के द्वारा ट्रामा सेंटर की निरीक्षण रिपोर्ट के अनुसार कमियों को पूर्ण किया जाए एवं सुधार किये गये कार्य का प्रतिवेदन आगामी बैठक में प्रस्तुत करें।

(कार्यवाही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी)

1. मण्डी प्रांगण में जो ट्रैक्टर एवं ट्रालियां आती है, उन पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने की प्रकिया को बढ़ाया जाये।

(कार्यवाही मण्डी सचिव)

1. अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने पर पीड़ित व्यक्ति को आर्थिक सहायता प्राप्त होती है इस संबंध में जिले में जागरूकता लाई जाये एवं अधिक से अधिक पीड़ित व्यक्तियों को सहायता दिये जाने का प्रयास किया जाये

(कार्यवाही थाना प्रभारी /यातायात प्रभारी/तहसीलदार)

उक्त के साथ बैठक समाप्त की गई।

अपर कलेक्टर
जिला नीमच

Scanned with CamScanner

पृ.क्र. 790/जि.प.अ./2023 नीमच,दिनांक 7/06/2023

प्रतिलिपि- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. श्रीमान परिवहन आयुक्त म.प्र. ग्वालियर।
2. श्रीमान आयुक्त महोदय उज्जैन संभाग उज्जैन।
3. कलेक्टर महोदय नीमच।
4. पुलिस अधीक्षक नीमच।
5. अनुविभागीय अधिकारी नीमच।
6. थाना प्रभारी यातायात नीमच।
7. लोक निर्माण अधिकारी नीमच।
8. मुख्य नगर पालिका अधिकारी नीमच।
9. प्रभारी प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना नीमच।
10. प्रभारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नीमच।
11. प्रभारी एम.पी.आर.डी.सी नीमच।
12. जिला शिक्षा अधिकारी नीमच।
13. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी नीमच।
14. जिला जनसंपर्क अधिकारी नीमच।
15. प्रभारी एसडीओ सेतुनिगम नीमच।
16. मण्डी सचिव

अपर कलेक्टर
जिला नीमच

Scanned with CamScanner